(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) और (ख) सरकार को एक पृथक विद्युत करघा निर्यात संवर्धन परिषद स्थापित करने सम्बन्धी सुझाव प्राप्त हुआ है। तथापि, सरकार का यह विचार है कि ऐसी निर्यात संवर्धन परिषद स्थापित करना आवश्यक नहीं है।

3321. *[Transferred to the llth December.* 1987]

आयातित खाद्य तेल की बिक्री

3322. **श्री चतुरानन मिश्र :**
श्री गुरुदास दास गुप्त :
श्री रशीद मसूद :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापार निगम ने भारी मात्रा में आयातित खाद्य तेल को बिक्री के लिये लायसेंसधारक थोक बिक्री व्यापारियों से निविदाएं आमंत्रित की हैं;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस तेल को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बिक्री न किये जाने के क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रिय रंजन दास मुंशी) : (क) से (ग) सरकार द्वारा एस० टी० सी० को आयातित खाद्य तेल की खुले बाजार में बिक्री के लिये निदेश दिए गए हैं ताकि देश में खाद्य तेलों की उपलब्धता में सुधार लाया जा सके तथा उचित स्तर पर कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिल सके। इसका राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत किये जाने वाले आयातित खाद्य तेलों के आवंटन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

झण्डेवालान दिल्ली में जेवरात निर्यात काम्पलैक्स की स्थापना

3323. **श्री रशीद मसूद** : क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि, सरकार ने सौ प्रतिशत जेवरात निर्यात एवं कों के लिये झंडेवालान दिल्ली में एक औद्योगिक काम्पलैक्स की स्थापना किए जाने की घोषणा की थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि खनिज व धातु व्यापार निगम के मार्फत सोने का आयात करने के बाद उसे इन निर्यात इकाइयों में वितरित करने का सुझाव सरकार ने मान लिया था ; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक कितनी प्रगति की गई है ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रिय रंजन दास मुंशी) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) एम०एम टी०सी० द्वारा 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुख कम्पलैक्स में स्वर्ण आभूषणों का निर्माण तथा निर्यातिक एककों के लिये स्वर्ण के स्टाक तथा बिक्री के लिये प्रस्तुत की गई योजना अब कभी भी अनमानित हो जाएगी, कार्यान्वित कर दी जाएगी।

हथकरघा क्षेत्र में जनता कपड़े और नियंत्रित कपड़े का उत्पादन

3324. **श्री रशीद मसूद** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस समय एन०टी०सी० मिलों द्वारा उत्पादित जनता कपड़े और नियंत्रित कपड़े को हथकरघा क्षेत्र के अंतर्गत लाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस मामले में अन्तिम निर्णय कब तक ले लिये जाने की सम्भावना है ?